पर निगरानी रखना शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने मार्ग निर्देश जारी किए है, जिनमे अन्य बातों के साथ साथ बैंको को अपने नियत्रक तन्त्र को मजबूत बनाने के लिये कहा गया है, ताकि कदाचारो की सम्भावनाओ से बचा जा सके। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थापित एक विशेष जाच कक्ष धोखाधडी के बडे मामलो पर निगरानी रखता है। भारतीय रिजर्व बैंक/बैंकों द्वारा धोखाधडी की प्रकृति सबधी किये गये अध्ययनो पर आधारित उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है/सुझाव दिये जाते हैं ताकि भविष्य मे धोखाधडियो को रोका जा सके। बैंको द्वारा किये गये विभिन्न निवारक उपायो से पर्याप्त सीमा तक धोखाधडी के मामलों का शीघ्र पता लगाने और उनकी रोकथाम करने में सफलता प्राप्त हुई है।

पंजाब में इस्पात एककों को पेश आ रही समस्याएं

896. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 27 नवम्बर, 1990 के "द हिन्दुस्तान टाइम्स में "पंजाब गवर्नमेंट पालिसीज हिट स्टील यूनिट्स" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन इस्पात-निर्माताओं की वास्तविक समस्याओं के निराकरण के लिये कोई प्रयास किये हैं ;

(ग) क्या सरकार आवश्यकता के अनुसार कच्चे माल, कोयला, बिजली आदि की यथेष्ट आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री अशोक कुमार सेन) : (क) सरकार ने इस समाचार को देख लिया है।

(ख) से (घ) इस्पात विनिर्माताओं की विशिष्ट समस्याये जब भी कभी सरकार के ध्यान मे लायी जाती हैं, उनकी जाच की जाती है और समय-समय प उपयुक्त उपचारात्मक कार्रवाई भी की जाती है।

चिकित्सा उद्योग पर आयात नीति का प्रभाव

897. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 12 दिसम्बर, 1990 के 'द हिन्दुस्तान टाइम्स "इम्पोर्ट पालिसी इरक्स मेडिकल इण्डस्ट्रीज" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या सरकार का ध्यान चिकित्सा इलैक्ट्रोनिकी उपकरणो के निर्माताओं द्वारा यथा उल्लिखित समस्याओं की ओर भी दिलाया गया है ;

(ग) क्या सरकार ने निर्माताओं के प्रतिनिधियों से बातचीत द्वारा इन समस्याओ का समाधान करने के लिये कोई प्रयास किये हैं ; और

(घ) यदि नही, तो इसके क्या कारण है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री शांतिलाल पुरुषोत्तमदास पटेल) : (क) और (ख) जी, हां।

(ग) और (घ) उद्योग की समस्याओ का हल करने के प्रयास करना एक सतत प्रक्रिया है और चिकित्सा इलैक्ट्रानिकी उपकरणो के विनिर्माण मे लगे उद्योगो द्वारा दिये गये अभ्यावेदनो पर नीति-परिवर्तन से पूर्व विचार किया जाता है।